राष्ट्रीय जैविक संस्थान

(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान)

ए –32, सेक्टर –62, इंस्टीतट्यूशनल एरिया, फेज –II, नोएडा –201309 उत्तर प्रदेश (भारत)

भारत सरकार ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय जैविक संस्थान की स्थापना एक स्वायत्त संस्थान के रूप में की है, जो देश में टीकों और जैविकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान और उत्कृष्टता का केंद्र है। संस्थान को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार निदेशक के पद के लिए एक सक्षम, समर्पित और गतिशील व्यक्ति की आवश्यकता है:

वेतनमान: संशोधित वेतन मैट्रिक्स लेवल –15, रूपए 1,82,200–2,24,100/- तथा नियमानुसार चिकित्सा कार्मिकों के लिए मान्य एनपीए।

भर्ती का तरीका: खोज–सह–चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती।

आयु: 56 वर्ष से अधिक नहीं।

योग्यताएं:

आवश्यक (1):

(क) **मेडिकल:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से माइक्रोबायोलॉजी/बायोकैमिस्ट्री/इम्यूनोहेमेटोलॉजी एंड ब्लड ट्रांसफ्यूजन/फार्माकोलॉजी के क्षेत्र में पीजी मेडिकल डिग्री।

अथवा

उपर्युक्त क्षेत्रों में पीएच.डी.

(ख) **नॉन–मेडिकल:** (i) न्यूनतम 60% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से माइक्रोबायोलॉजी/ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटेक्नोलॉजी/बायोइन्फॉर्मेटिक्स/बायोकेमिस्ट्री में एम.एससी. और

(ii) उपर्युक्त क्षेत्रों में पीएच.डी.

(2) अनुभव:

(i) निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसी भी प्रोफेशन में 20 वर्ष का अनुभव

(क) बायोलॉजिकल्स और बायोथेरेप्यूटिक्स में अनुसंधान, बायोलॉजिकल और बायोथेरेप्यूटिक्स का गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण;

(ख) रसायन विज्ञान विनिर्माण, नियंत्रण (सीएमसी) के संबंध में टीकों सहित बायोलॉजिकल्स और बायोथेराप्यूटिक्स, पशु औषध विज्ञान/पशु टोक्सीकोलॉजी विज्ञान पर गैर–नैदानिक परीक्षण डेटा, नैदानिक परीक्षण डेटा के तकनीकी डोजियर की समीक्षा;

(ग) चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा और निष्पादन के आवश्यक सिद्धांतों के अनुरूपण के संबंध में इन विट्रो डायग्नोस्टिक (आईवीडी) चिकित्सा उपकरणों के तकनीकी डोजियर की समीक्षा जिसमें उत्पाद विवरण, डिजाइन और विनिर्माण सूचना, उत्पाद निष्पादन विनिर्देश और संबद्ध प्रमाणीकरण और सत्यापन अध्ययन, लेबलिंग और विनियामक इतिहास शामिल हैं;

(घ) प्रतिकूल घटनाओं का मूल्यांकन और समीक्षा:

(i) टीकाकरण के बाद (एईएफआई)

(ii) बायोलॉजिकल्स और बायोथेरेप्यूटिक्स के एडमिनिस्ट्रेशन से संबद्ध (फार्माकोविजिलेंस)

(iii) रक्त आधान और रक्त उत्पाद के एडमिनिस्ट्रेशन से संबद्ध (हीमोविजिलेंस);

(iv) आईवीडी चिकित्सा उपकरणों (मेटेरियोविजिलेंस) से संबद्ध अप्रत्यक्ष नुकसान के कारण;

(ङ) आईएसओ: 17025 और आईएसओ: 34 एप्लीकेशन सहित गुणवत्ता प्रणाली का प्रबंधन: पीएचडी करने के बाद कम से कम 15 वर्षों का कुल गुणवत्ता प्रबंधन दृष्टिकोण(अप्रोच) के साथ

(ii) कम से कम 3 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव।

कार्यकाल: नियुक्ति 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए होगी जो 60 वर्ष की आयु से अधिक नहीं होगी। कार्यकाल को 62 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जा सकता है अथवा यदि उचित समझा जाता है तो 03 महीने के नोटिस या वेतन के साथ कार्यकाल को समाप्त किया जा सकता है।

कार्य विवरण: चयनित उम्मीदवार से आशा की जाती है कि वह यह सुनिश्चित करेगा कि एनआईबी गुणवत्ता आश्वासन, प्रबंधन और नियंत्रण जैविकों के उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाए; निर्माताओं की समस्याओं को हल करने में सहायता प्रदान करने के लिए तकनीकी ज्ञान, कौशल और योग्यता होनी चाहिए; संस्थान को जैविकों से संबंधित क्षेत्रों में काम करने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ संबंध स्थापित करने में सक्षम बनाने के लिए पेशेवर योग्यता, गतिशीलता और जज्बा होना चाहिए। शासी निकाय द्वारा निर्धारित सभी वैज्ञानिक और प्रबंधन प्रोग्राम, नीतियों और प्रक्रियाओं को समर्थन, योजना, प्रशासन/समन्वय और मूल्यांकन करेगा और सभी संस्थान गतिविधियों को नेतृत्व और दिशा प्रदान करेगा।

आवेदन प्रारूप: 1. नाम 2. जन्म तिथि 3. वर्तमान पदनाम 4. कार्यालय जिसमें कार्यरत हैं 5. वेतनमान और भत्तों सहित वर्तमान वेतन 6. योग्यता 7. प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में सहभागिता और प्रकाशन 8. सेवाओं का अद्यतन विवरण। पात्र अधिकारी अपने आवेदन पिछले पांच वर्षों की एसीआर, प्रमाणपत्रों तथा प्रशंसा पत्रों की जेरॉक्स प्रतियों के साथ और सरकारी संगठनों में कार्यरत उम्मीदवार के मामले में सतर्कता मंजूरी प्रमाण पत्र अथवा निजी रोजगार के मामले में समकक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट और नियोक्ता प्रमाण पत्र के साथ उचित माध्यम से **अवर सचिव (औषध विनियमन) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा नंबर 434 –सी विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011** को भेज दें।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: रोजगार समाचार में प्रकाशन के 60 दिनों (दोनों दिन शामिल) दिनांक **22.08.2023** है।

आवेदन की अग्रिम प्रति भेजी जा सकती है जिसे उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त होने पर ही वैध माना जाएगा।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एनआईबी